# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

11.09.2024 समय : 1850

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार दो हजार चौबीस से सम्मानित किया–अंडमान निकोबार की ए एन एम शीला मंडल को भी पुरस्कार से नवाजा गया।

- सांसद बिष्णु पद रे ने लम्बा लाईन से डेरीफार्म तक की सड़क की मरम्मत का अनुरोध किया है।

- दक्षिण अंडमान पुलिस ने करीब चौदह करोड़ रूपये कीमत की हेरोइन के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया।

- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में आत्महत्या की रोकथाम पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

- कृषि विभाग की ओर से कार निकोबार के मूस गांव में कल से खरीफ अभियान की शुरूआत की गई है।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार दो हजार चौबीस से सम्मानित किया। राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना वर्ष उन्नीस सौ तिहत्तर में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी। यह पुरस्कार नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों द्वारा समाज को प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है। अंडमान निकोबार की ए एन एम शीला मंडल को भी फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से नवाजा गया।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने लम्बा लाईन से डेरीफार्म तक की सड़क की मरम्मत का अनुरोध किया है। अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को लिखे अपने पत्र में उन्होंने इस क्षेत्र की खस्ताहाल सड़क का तत्काल मरम्मत करने को कहा। उन्होंने कहा कि सड़क के मध्य भाग को खोदकर पुरानी पाईप लाईनों को बदलने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गया और सड़क की केवल अस्थाई मरम्मत ही की गई। इससे आम जनता, दुपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और मरीजों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए श्री बिष्णु पद रे ने सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस ने दो किलो से अधिक हेरोइन ज़ब्त की है, जिसकी कीमत करीब चौदह करोड़ रूपये है और इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बम्बूफ्लाट के एसडीपीओ बृजमोहन मीणा और थाना प्रभारी रिज़वान हसन के नेतृत्व में गोपनीय सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में पुलिस ने आतिश कुमार नामक प्रातरापुर निवासी को एक किलो दो सौ ग्राम से अधिक हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में निम्न श्रेणी लिपिक भातुबस्ती निवासी कृष्ण कुमार यादव, मायाबंदर में नियुक्त शिक्षक विन्सेंट लकड़ा और जहाज़रानी विभाग मे कार्यरत गाराचरमा निवासी सहजू पी. थोमस को गिरफ्तार किया गया। जांच–पड़ताल में पता लगा कि विन्सेंट लकड़ा के माध्यम से कैम्पबेल बे से ज़ब्त हेरोइन को पोर्ट ब्लेयर लाया गया और अन्य सहयोगियों के माध्यम से कुछ पैकेट बिक्री के लिए कोलकाता भेजा गया, लेकिन बिक्री नहीं हो पाया। पुलिस ने मामले की कड़ी–दर–कड़ी जोड़ते हुए कैम्पबेल बे में ड्राइवर के रूप में कार्यरत चिन्नईया और सर्वशिक्षा अभियान में लेखाकार के रूप में कार्यरत विक्रम सिंह गिल के शामिल होने का पता लगाया। यह पूरा अभियान दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व और पुलिस महानिदेशक हरगोविन्दर सिंह धालीवाल की संपूर्ण निगरानी में चलाया गया।

<><><><><><>

सरकार ने कहा है कि साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने के कारण एक करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। लगभग दो लाख सत्ताईस हजार मोबाइल हैंडसेट भी ब्लॉक किए गए। दूरसंचार विभाग ने कहा है कि इन कनेक्शनों की पहचान संचार साथी पहल से की गई थी। पिछले एक पखवाड़े में तीन लाख पचास हजार से अधिक स्पैम नंबरों को भी बंद कर दिया गया है। पचास संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है।

<><><><><><>

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की पन्द्रह तारीख को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के लाखों लाभार्थियों को दो हजार सात सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और लाखों लोग ऑनलाइन जुड़ेंगे।

<><><><><><>

आत्महत्या एक प्रमुख चुनौती है और पूरे विश्व में प्रतिवर्ष सात लाख से अधिक मौतें आत्महत्या के कारण होती है और इससे व्यक्तिगत लोगों और समुदाय पर भी गहरा असर पड़ता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए लोगों में इसकी रोकथाम पर जागरूकता उत्पन्न करना अति महत्वपूर्ण है। ऐसी प्रवृति वाले लोगों के साथ संवाद करके और उनके अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न करके आत्महत्या जैसी प्रवृति को रोका जा सकता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यकम के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कल आयोजित जागरूकता कार्यकम में वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य और टेलीमानस प्रकोष्ठ जैसे हेल्पलाइन के सहयोग के बारे में जानकारी दी, ताकि लोगों को जीवन के महत्व के बारे में जानकारी दी जा सके और उनके भीतर उत्पन्न होने वाली आत्महत्या जैसी प्रवृति को रोका जा सके।

<><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से कार निकोबार के मूस गांव में कल से खरीफ अभियान चलाया जा रहा है। संघशासित आत्मा के सहयोग से कार निकोबार के सभी गांवों में पूरे माह चलने वाले इस कार्यकम के उद्घाटन में कृषि अधिकारी  आर भूभारती ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीज प्रबंधन, प्रधानमंत्री किसान, प्रधानमंत्री आशा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना जैसे योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कोपरा उत्पादन करने वाले किसानों से अनुरोध किया कि वे पी एम आशा योजना के तहत एम एस पी का लाभ उठाने के लिए ई–समृद्धि पोर्टल में पंजीकृत कराएं। कृषि सहायक डी. लक्ष्मी ने जल शक्ति अभियान, जैविक और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। उद्घाटन अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। मूस के ग्राम सचिव ने विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों से आगे आने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

पश्चिम सागर के किसानों के लिए पिछले दिनों पश्चिम सागर में बैठक का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से आयोजित बैठक में राज्य समिति के सचिव एस आर मृदा, सीटू के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील बेपारी ने किसानों को संबोधित किया।

<><><><><><>

अनिम्स में एम बी बी एस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दूसरे चरण का परामर्श अब सत्रह सितम्बर के स्थान पर अट्ठारह सितम्बर को रखा गया है। पात्र उम्मीदवारों की सूची कॉलेज की और प्रशासन वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। उम्मीदवारों को अट्ठारह सितम्बर को सुबह नौ बजे अनिम्स के लेक्चर हॉल में मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। व्यक्तिगत रूप से परामर्श में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को ही सीटों का आवंटन किया जाएगा।

उधर, आतंकवाद से प्रभावित नागरिकों के बच्चे या उनकी पत्नियों के लिए केन्द्रीय पूल से एम बी बी एस की कुछ सीटें आरक्षित की गई है। इनमें गया और मुम्बई में एक–एक तथा रायपुर में दो सीटें शामिल हैं। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में तेरह सितम्बर की शाम पांच बजे तक सचिवालय के विकास अनुभाग चार में स्वीकार किए जाएंगे।

इस बीच, केरला कृषि विश्वविद्यालय त्रिशूर में सभी कॉलेजों में सभी स्नातक स्तर के कार्यक्रमों के लिए दो सीटें आरक्षित की गई है। दिए गए वेबसाइट पर और जानकारी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

श्री श्री ठाकुर अनूकुल चन्द्र की एक सौ सैंतीसवीं जयंती के अवसर पर पन्द्रह सितम्बर को सत्संग विहार लम्बा लाइन में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह पांच बजे प्रातःकालीन प्रार्थना के बाद ध्यान और धार्मिक पुस्तक का पाठ होगा। साढ़े नौ बजे से सत्संग के बाद दिन में साढ़े बारह बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम छः बजे पूजा का समापन होगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छः दशमलव नौ मिलीमीटर, लांग आइलैंड में छः दशमलव एक और मायाबंदर में छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>